an>

Title: Issue regarding safety and security of abducted Indians in Iraq.

श्री भगवंत मान (संगरूर): अध्यक्ष महोदया, आपने मुझे बोलने का मौका दिया, उसके लिए आपका धन्यवाद। इराक के मूसल में जो 41 भारतीय अगवा हुए हैं, उनके बारे में अचानक से कल के एक अंग्रेजी अखबार में एक खबर आ गई तो उनके परिवार चिंतित हो गए। वे 40-41 परिवार दिल्ली में आ गए हैं। खबर में यह आशंका व्यक्त की गई है कि शायद उनको मार दिया गया है क्योंकि 15 जून के बाद पारिवारों के साथ उनका कोई लिंक नहीं है, उनका कोई संपर्क नहीं हो पा रहा है। ये परिवार इस बात से चिंतित हैं कि सरकार यह कह रही है कि वे सुरक्षित हैं। इसका मतलब है कि उनका संपर्क है।

13.00 hrs.

सरकार यह इंश्योर करे कि वे सुरक्षित हैं, वरना उनके बच्चे, उनकी पत्नियां, उनके बुजुर्ग यहां आकर बैठे हैं। अगर इस मामले में गवर्नमेंट ज्यादा प्रयास करे, तेज प्रयास करे तो उनको राहत मिल सकती है।